# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 24 फरवरी 2025**

**"ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 55,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयीः-**

अवगत कराना है कि अभियुक्त राहुल गौतम पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी सुभाष नगर थाना सिविल लाईन जनपद मेरठ द्वारा वर्ष-2021 में अपनी पत्नी की हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 28.06.2021 को थाना नरौरा पर मुअसं-196/2021 धारा 302, 201 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 20.09.2021 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 10 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप **आज दिनांक 24.02.2025 को न्यायाधीश श्री विनीत चौधरी(मा0 न्यायालय एडीजे अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त राहुल गौतम को आजीवन कारावास व 55,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।** अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री नितिन त्यागी का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

**मीडिया सेल बुलन्दशहर**